06/09/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

ईटानगर के दोरजी खाण्डू कनवेंशन सेंटर में आज स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग एंड वाटर सप्लाई डिपार्टमेंट का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में स्वास्थ्य मंत्री बियुराम वाघे, पीएचई मिनिस्टर मामा नातुंग और उनके सलाहकार विधायक पानि ताराम, संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और हितधारक मौजूद थे। बैठक के दौरान मिशन रूरल हेल्थ के तहत प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स और कम्यूनिटी हेल्थ सेंटर्स में लंबी अवधि की जरूरतों को ध्यान में रखकर  इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

0000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के महत्व पर बल दिया है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के साथ बातचीत की। उन्होंने इन शिक्षकों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभाव के बारे में चर्चा की। श्री मोदी ने सुझाव दिया कि शिक्षक विभिन्न भाषाओं में विद्‌यार्थियों को स्थानीय लोककथाएँ सुनाएं, जिससे विद्‌यार्थी कई भाषाएँ सीख सकें और भारत की जीवंत संस्कृति से भी परिचित हो सकें। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षकों को अपने विद्‌यार्थियों को भारत की विविधता जानने के लिए शैक्षिक पर्यटन पर ले जाना चाहिए। इससे विद्‌यार्थियों को सीखने में मदद मिलेगी और अपने देश के बारे में समग्र रूप से जानने में भी सहायता मिलेगी।

श्री मोदी ने कहा कि इससे पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलेगा। पुरस्कार विजेता शिक्षकों ने प्रधानमंत्री के साथ अपने शिक्षण अनुभव साझा किए। उन्होंने सीखने को और अधिक रोचक बनाने के लिए अपनी दिलचस्प तकनीकों के बारे में भी बात की। शिक्षकों ने अपने नियमित शिक्षण कार्य के साथ-साथ सामाजिक कार्यों के उदाहरण भी साझा किये। प्रधानमंत्री ने उनके साथ बातचीत में शिक्षण के प्रति समर्पण और वर्षों से प्रदर्शित उत्साह की प्रशंसा की।

00000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू तीन दिन के हिमाचल प्रदेश की यात्रा पर हैं। वे धर्मशाला में आध्यात्मिक और धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। सोशल मीडिया पोस्ट एक्स में मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के वाईब्रेंट कल्चर और वातावरण से कनेक्ट होने का यह सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को अरुणाचल प्रदेश दौरे के लिए आमंत्रित करने के उद्देश्य को लेकर भी यह दौरा महत्वपूर्ण है।

0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की शिक्षक ज्योति पान्का को स्कूल ब्यूटिफिकेशन और कोविड के दौरान रिमोट लर्निंग के क्षेत्र में इनोवेटिव तकनीक को लागू करने के लिए नेशनल टीचर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने ज्योति पान्का को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के करकमलों से मिले नेशनल टीचर्स अवार्ड के लिए बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह पुरस्कार उनकी इनोवेटिव पहल 'एक कदम सुंदरता की ओर' और 'चले गांव की ओर' के माध्यम से छात्रों को प्रोत्साहित करने और कम्यूनिटी सर्विस को मजबूत बनाने का सम्मान है।

00000000000000000

पेरिस पैरालिंपिक्स में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। आज नौवें दिन पैरा एथलेटिक्स प्रवीण कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद के टी64 मुकाबले में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी के साथ पदक तालिका में भारत के पदकों की संख्या छबीस हो गई है, जिसमें छह स्वर्ण, नौ रजत और ग्यारह कांस्य पदक शामिल है।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस पैरालिंपिक खेलों में पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर प्रवीण कुमार को बधाई दी है।**

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ लगातार पैरालिंपिक में पदक जीतकर, प्रवीण ने असाधारण प्रतिभा दिखाई है। उन्होंने कहा कि भारत को प्रवीण पर गर्व है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रवीण भविष्य में खेल उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छूते रहेंगे।

**उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि प्रवीण कुमार की अटूट लगन, ईमानदारी और अनुशासन सभी के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण है। श्री धनखड़ ने आशा व्यक्त की कि प्रवीण देश को सम्मान और गौरव दिलाते रहेंगे।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि प्रवीण के दृढ़ संकल्प और दृढ़ता ने देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि भारत को उन पर गर्व है।

0000000000000000

कृषि मंत्री गेब्रिएल डी. वांग्सु की मौजूदगी में ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड ने आर सी रॉय एसोसिएट्स के साथ पांच हजार मेट्रिक टन अदरक की मार्केटिंग को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किये गए। मार्केटिंग बोर्ड द्वारा निर्यात की जाने वाले अदरक की कीमत पैतीस करोड़ रूपए होगी।

इस अवसर पर कृषि और एपी एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी, विधायक तालेम ताबोह सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

00000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट में आज से तीन दिन का सेंट्रल सोलुंग फेस्टिवल शुरु हुआ। इसके उद्‌घाटन समारोह में अरुणाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी पासीघाट के कुलपति प्रोफेसर तोमो रिबा, विधायक तापि दारांग, दोन्यी पोलो ट्रस्ट ईटानगर के चेयरमैन कातुंग वाघे सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। सेंट्रल सोलुंग फेस्टिवल सेलिब्रेशन कमिटी पासीघाट की अध्यक्ष ओकियाम मोयोंग बोरांग ने सोलुंग त्यौहार के बारे में लोगों को जानकारी दी।

00000000000000000

चांगलांग साउथ से विधायक हामजोंग तांघा ने चांगलांग से खिमियांग के बीच अरुणाचल प्रदेश स्टेट ट्रांसपोर्ट-ए.पी.एस.टी बस सर्विस का उद्‌घाटन किया। इस बस सेवा के शुरु होने से क्षेत्र के लोगों को सस्ती और सुलभ बस सर्विस उपलब्ध होगी और सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को भी बढावा मिलेगा।

00000000000000000

तागिन कल्चरल सोसायटी के अध्यक्ष लारजि रिगिया ने एक्जीक्यूटिव मेंबर्स के साथ दापोरिजो के जेराम विलेज में गवर्नमेंट मॉडल डिग्री कॉलेज का दौरा किया। उन्होंने कॉलेज ऐडमिनिस्ट्रेशन से आधारभूत सुविधाओं और मैनेजमेंट के बारे में जानकारी ली।

ताгिन कल्चरल सोसायटी ने महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर तागियो कोदाक से कैंपस में चल रही इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स की प्रगति पर चर्चा की और कहा कि संगठन की तरफ से कॉलेज को हर संभव सहायाता प्रदान की जाएगी।

0000000000000000

देरा नातुंग गवर्नमेंट कॉलेज, ईटानगर आज अपना छियालिसवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले महाविद्यालय के पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह में विधायक हायांग मांग्फी, राज्य के पूर्व चीफ इनफॉर्मेशन कमिश्नर जोराम बेगी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

00000000000000000